# संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी, (आयुष) छत्तीसगढ़

ब्लॉक-1, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर 492002
फोन नं. (0771) 2221640, फैक्स - 2221641, ईमेल - cgayush@gmail.com

---

क्रमांक/STU-47/15/2026/UG Ad.26-27 नवा रायपुर,दिनांक 03-09-2026

## बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस./बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 में राज्य कोटे एवं निजी महाविद्यालयों के ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन सूचना

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं निजी आयुष महाविद्यालयों के बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस./बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान/बायोटेक्नोलॉजी तथा अंग्रेजी विषयों सहित) उत्तीर्ण एवं राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा NEET (UG) 2026 में सम्मिलित, पात्र तथा इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।

बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान तथा अंग्रेजी विषयों सहित) उत्तीर्ण, पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।

**बी.ए.एम.एस. एवं बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु एक पंजीयन कराना होगा तथा बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पृथक से पंजीयन कराना होगा।**

ऑनलाईन पंजीयन करने के पूर्व ‘‘छत्तीसगढ़ आयुष स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम, 2023‘‘ एवं सूचना पत्र (Information Bulletin) का पूर्णतः अध्ययन कर ही ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ करें, जो वेबसाईट https://cgayush.admissions.nic.in में उपलब्ध है।

**पंजीयन कार्यक्रम**

| क्र. | विषय | विवरण |
|---|---|---|
| **1** | बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रम के राज्य कोटे एवं निजी महाविद्यालयों के ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभ तिथि | दिनांक 07 सितम्बर 2026 |
| **2** | बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रम के राज्य कोटे एवं निजी महाविद्यालयों के ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन के लिए अंतिम तिथि | दिनांक 16 सितम्बर 2026, समय रात्रि 11:59 बजे तक |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभ तिथि | दिनांक 07 सितम्बर 2026 |
| 4 | बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन के लिए अंतिम तिथि | दिनांक 16 सितम्बर 2026, समय रात्रि 11:59 बजे तक |
| 5 | बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस./बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संस्था का चयन | दिनांक 07 सितम्बर 2026 से 16 सितम्बर 2026, समय रात्रि 11:59 बजे तक |
| 6 | ऑनलाईन आवेदन शुल्क (राज्य कोटे की सीटों के लिए) (Non Refundable) | - अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों हेतु रू. 1500/- (रू. एक हजार पाँच सौ मात्र)<br>- अनुसूचित जनजाति, विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं ई.डब्ल्यू.एस. (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) श्रेणी हेतु रू. 900/- (रू. नौ सौ मात्र) |
| 7 | ऑनलाईन आवेदन शुल्क (निजी महाविद्यालयों के ऑल इंडिया कोटे की सीटों के लिए) (Non Refundable) | समस्त अभ्यर्थियों हेतु रू. 1500/- (रू. एक हजार पॉच सौ मात्र) |

**निजी क्षेत्र के आयुष महाविद्यालयों के ऑल इंडिया कोटे की सीटों का प्रावधिक विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | पाठ्यक्रम का नाम | कुल सीट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, चन्दखुरी, दुर्ग | बी.ए.एम.एस. | 7 |
| 2 | छत्तीसगढ़ आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय, मनकी, राजनांदगांव | | 14 |
| 3 | भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पुलगांव चौक, दुर्ग | | 15 |
| 4 | महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साईंस, ग्राम-सुन्दरा, राजनांदगांव | | 8 |
| 5 | रायगढ़ मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल ऑफ आयुर्वेद, कोतरलिया, रायगढ़ | | 15 |
| 6 | चौकसे कॉलेज ऑफ आयुर्वेद रिसर्च सेंटर एण्ड हॉस्पिटल, बिलासपुर | | 15 |
| 7 | रायपुर होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय, रामकुण्ड, रायपुर | बी.एच.एम.एस. | 5 |
| | योग | | 79 |

**शासकीय/निजी क्षेत्र के आयुष महाविद्यालयों के राज्य कोटे की सीटों का प्रावधिक विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | पाठ्यक्रम का नाम | कुल सीट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर | बी.ए.एम.एस. | 64 |
| 2 | शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय बिलासपुर | | 64 |
| 3 | राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, चन्दखुरी, दुर्ग | | 38 |
| 4 | छत्तीसगढ़ आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय, मनकी, राजनांदगांव | | 76 |
| 5 | भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पुलगांव चौक, दुर्ग | | 85 |
| 6 | महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साईंस, ग्राम-सुन्दरा, राजनांदगांव | | 43 |
| 7 | रायगढ़ मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल ऑफ आयुर्वेद, कोतरलिया, रायगढ़ | | 85 |
| 8 | चौकसे कॉलेज ऑफ आयुर्वेद रिसर्च सेंटर एण्ड हॉस्पिटल, बिलासपुर | | 85 |
| 9 | रायपुर होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय, रामकुण्ड, रायपुर | बी.एच.एम.एस. | 30 |
| 10 | श्री महावीर प्राकृतिक एवं योग विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय, नगपुरा, दुर्ग | बी.एन.वाय.एस. | 100 |
| 11 | रायगढ़ कॉलेज ऑफ नेचरोपैथी, कोतरापाली, रायगढ़ (छ.ग.) | | 100 |
| | योग | | 770 |

**नोट :-**

1. सीटों की संख्या परिवर्तनीय है। संबंधित संस्था हेतु भारत सरकार आयुष मंत्रालय/भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली/राज्य शासन द्वारा निर्धारित सीट संख्या अंतिम तथा मान्य होगी।
2. **आयुष महाविद्यालयों जिन्हें भारत सरकार आयुष मंत्रालय/भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली/राज्य शासन से अनुमति/मान्यता तथा संबंधित विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त हैं, उन्हीं महाविद्यालयों में काउंसिलिंग/प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।**
3. शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर एवं बिलासपुर में EWS कोटे में प्रवेश का लाभ लेने हेतु निर्धारित बेबसाईट में अपलोड किये गये छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग/भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अवलोकन करें एवं तद्नुसार प्रमाण-पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करें।
4. दिव्यांग (Person with Disabilities-PwD) कोटे में प्रवेश का लाभ लेने हेतु

निर्धारित बेबसाईट में अपलोड किये गये भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग की अधिसूचना दिनांक 16.02.2022 एवं राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग की अधिसूचना दिनांक 06.12.2022 का अवलोकन करें।

5. महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साईंस, सुन्दरा, राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय, मनकी, राजनांदगांव में अल्पसंख्यक (जैन धर्म) हेतु आरक्षित सीट में प्रवेश का लाभ लेने हेतु उक्त के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. ऑनलाईन आवेदन पूर्ण करने के बाद Lock & Submit करने के पश्चात् भी यदि ऑनलाईन आवेदन में परिवर्तन करना चाहते हैं तो परिवर्तन हेतु निःशुल्क Reset करने की सुविधा आवेदन की अंतिम तिथि तक उपलब्ध रहेगी।
7. महाविद्यालय आबंटन से पूर्व अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण नहीं किया जा रहा है। अतः अभ्यर्थी ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करते समय विशेष सावधानी रखें। रजिस्ट्रेशन फॉर्म में त्रुटि होने पर या गलत जानकारी दिये जाने पर रजिस्ट्रेशन / आबंटन निरस्त किया जायेगा तथा नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, जिसकी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी। इस संबंध में संचालक, आयुष का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
8. अभ्यर्थी आबंटन पत्र में उल्लेखित समस्त दस्तावेजों के साथ दस्तावेज परीक्षण एवं प्रवेश हेतु उपस्थित होवें।
9. दस्तावेज परीक्षण पश्चात् निर्धारित शैक्षणिक शुल्क जमा कर आबंटित महाविद्यालय में प्रवेश लेना होगा। शुल्क तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा।
10. सीटों के विवरण हेतु निर्धारित वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।
11. **यदि किसी महाविद्यालय को काउंसिलिंग प्रक्रिया के मध्य मान्यता / संबद्धता प्राप्त होती है, तो उन्हें आगामी चरण की काउंसिलिंग में सम्मिलित किया जावेगा।**
12. सभी शासकीय एवं निजी आयुष महाविद्यालयों के आयुष स्नातक पाठ्यक्रमों की सभी सीटों का आबंटन संचालनालय आयुष, रायपुर द्वारा गठित समिति द्वारा किया जावेगा। अतः किसी व्यक्ति / संस्था / एजेंसी के प्रलोभन में न फसें।
13. प्रवेश एवं काउंसिलिंग से संबंधित अन्य निर्देश / सूचना की अद्यतन जानकारी हेतु नियमित रूप से उक्त वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

Digitally signed by
RAJENDRA KUMAR KATARA
Date: 03-09-2026
14:37:56

संचालक
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी,
सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़